षोडश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-27.11.2019 के लिए मा० अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री मोहम्मद नवाज आलम, स०वि०स० श्री विजय प्रकाश, स०वि०स० श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन, स०वि०स०	बिहार सरकार के नियमानुसार हर जिले में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय एवं अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास खोले जाने का प्रावधान है, लेकिन बिहार में पूर्णरूप से अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय एवं बालिका छात्रावास का निर्माण भूमि उपलब्ध कराकर नहीं किया जा रहा है । जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा भूमि उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर कार्य को लम्बित किया जा रहा है । आरा में मौलाबाग (बीबीजान) हाता वक्फ 1, 2, 3 में जमीन उपलब्ध है । अतएव बिहार के प्रत्येक जिले में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय एवं अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास का निर्माण कराने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।	अल्पसंख्यक कल्याण

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	डॉ० रामानुज प्रसाद, स०वि०स०	सारण सहित प्रदेश के अन्य जिलों में जमीन संबंधित कार्यों के निष्पादन हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संकल्प सं०-2401, दिनांक-13.07.2015 के द्वारा सर्वे अमीन का नियोजन एक वर्ष के लिए किया गया, जिसका समय-समय पर अवधि विस्तार किया जाता रहा है, जबकि अंचल अमीन एवं चकबंदी अमीन का नियोजन 60 वर्ष के लिए किया गया है । अतएव सर्वे अमीन का नियोजन अवधि 60 वर्ष तक विस्तारित करने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।	राजस्व एवं भूमि सुधार

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-31/19- 405 / वि०स०, पटना, दिनांक- 26 नवम्बर, 2019 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्य मंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग / अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

26/11/19
(पाण्डव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-31/19- 405 / वि०स०, पटना, दिनांक- 26 नवम्बर, 2019 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

26/11/19
(पाण्डव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।